राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. (UHIN/2009/34814) (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, बुधवार , 28 मई 2025
वर्ष 16, अंक 39, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सफाईकर्मी की मौत मचा हड़कंप सीवेज पंप टैंक में मिला शव 03

सिद्धार्थनगर- बानगंगा नदी में अधूरा पुल का निर्माण, आवागमन में परेशानी....04

संविधान बलपूर्वक या धोखे से धर्म परिवर्तन का समर्थन नहीं करता- इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज- इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को मुक्त भाव से अपने धर्म का अनुपालन और उसका प्रचार प्रसार करने का अधिकार देता है, लेकिन यह बलपूर्वक या धोखे से धर्म परिवर्तन का समर्थन नहीं करता। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 'के तहत आरोपी चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका खारिज करते हुए की। शिकायतकर्ता के मुताबिक, इन आरोपियों ने पैसा और मुफ्त इलाज की पेशकश कर लोगों का ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का प्रयास किया।



'प्रचार करने का हर व्यक्ति को मौलिक अधिकार है'

अदालत ने यह कहते हुए इस मामले को निरस्त करने से मना कर दिया कि ये आरोप गंभीर हैं। याचिका खारिज करते हुए अदालत ने सात मई के अपने आदेश में कहा, "भारत का संवैधानिक प्रारूप, संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। इस अनुच्छेद में "मुक्त भाव से" धर्म का आचरण और प्रचार करने का हर व्यक्ति को मौलिक अधिकार है। मुक्त भाव, धार्मिक आस्था और अभिव्यक्ति की स्वैच्छिक प्रकृति को रेखांकित करता है।" अदालत ने कहा, "संविधान बलपूर्वक या धोखे से धर्म परिवर्तन का समर्थन नहीं करता और ना ही यह धर्म के प्रचार की आड़ में बलपूर्वक या भ्रामक व्यवहार को ढाल प्रदान करता है।"

'धार्मिक स्वतंत्रता, सामाजिक ताना-बाना को अवरुद्ध ना करे'

अदालत ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता, सामाजिक ताना-बाना को अवरुद्ध ना करे और ना ही व्यक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द को खतरे में डाले, यह सुनिश्चित करने के लिए ये सीमाएं आवश्यक हैं। वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए कानून पर अदालत ने कहा, "इस कानून का प्राथमिक उद्देश्य बहकाकर, बलपूर्वक, अनुचित प्रभाव डालकर, लालच देकर, धोखे से या शादी करके विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन को रोकना है।" अदालत ने इस मुद्दे पर भी गौर किया कि क्या एक पुलिस अधिकारी (एसएचओ) को 2021 के कानून की धारा चार के तहत "पीड़ित व्यक्ति" माना जा सकता है। यह धारा आमतौर पर केवल पीड़ित या उसके करीबी रिश्तेदार को शिकायत दर्ज कराने की अनुमति देती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि एसएचओ इस तरह की प्राथमिकी दर्ज कर सकता है क्योंकि इस कानून को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के साथ पढ़ा जाना चाहिए जोकि पुलिस को संज्ञेय अपराधों में कार्रवाई की अनुमति देता है।

अब न आकाश न समंदर, भारत पर हमला नहीं कर पाएगा चीन-पाकिस्तान! सरकार ने बना लिया 44000 करोड़ का प्लान

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय वायुसेना और थल सेना ने जिस तरह से दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया, उसने दुनिया को भारत की सैन्य ताकत का अंदाज़ा करा दिया। अब सरकार समुद्री सुरक्षा को भी नई धार देने जा रही है। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने भारतीय नौसेना को और मजबूत करने का फैसला लिया है। इसी दिशा में रक्षा मंत्रालय ने 44,000 करोड़ रुपये की लागत से 12 माइन काउंटरमेजर वेसल्स (MCMV) यानी 'बारूदी सुरंग खोजी और नष्ट करने वाले युद्धपोत' बनाने की योजना को हरी झंडी दिखा दी है।

समुद्र की चुप्पी में छिपे खतरे होंगे खत्म

इन विशेष युद्धपोतों की सबसे बड़ी ताकत यह होगी कि ये समुद्र की गहराइयों में दुश्मन द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को ढूंढने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम होंगे। भारत की विशाल 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा और सैकड़ों पोर्ट्स की सुरक्षा के लिए ऐसे जहाज अब ज़रूरत बन चुके हैं।

भारतीय नौसेना के पास नहीं है एक भी MCMV

फिलहाल भारतीय नौसेना के पास एक भी समर्पित माइन हंटर पोत मौजूद नहीं है। पहले मौजूद करवार और पॉन्डिचेरी क्लास के पोत रिटायर हो चुके हैं। अब कुछ गिने-चुने जहाजों पर क्लिप-ऑन माइन काउंटरमेजर सुइट्स लगे हैं, लेकिन ये देश की समग्र समुद्री सुरक्षा के लिहाज़ से काफी नहीं हैं।

भारत में ही होगा निर्माण, मेक इन इंडिया को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने यह तय किया है कि इन 12 MCMV को पूरी तरह से भारतीय शिपयार्ड्स में ही बनाया जाएगा। इससे ना सिर्फ नौसेना की ताकत बढ़ेगी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूत प्रोत्साहन मिलेगा। यह परियोजना लंबे समय से ठप पड़ी थी, लेकिन अब इसे दोबारा शुरू किया जा रहा है।

7-8 साल में बनकर तैयार होंगे पहले युद्धपोत

रक्षा मंत्रालय जल्द ही इस परियोजना को डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (DAC) के समक्ष प्रस्तुत करेगा। एसेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी (AON) मिलते ही टेक्नो-कमर्शियल बिड्स मंगाई जाएंगी और अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके बाद पहला पोत तैयार होने में लगभग 7 से 8 साल का समय लगेगा।

समुद्री सीमा की सुरक्षा होगी और सख्त

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह परियोजना रणनीतिक रूप से बेहद अहम है, खासकर तब जब चीन की पनडुब्बियां और पाकिस्तान की युआन-क्लास डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन लगातार भारत के समुद्री हितों के लिए खतरा बनी हुई हैं। ऐसे में माइन काउंटरमेजर वेसल्स की तैनाती भारत को समुद्री मोर्चे पर और अधिक सक्षम बनाएगी।

इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी महिला डॉक्टर का सरेंडर, हेयर ट्रांसप्लांट के बाद हुई थी दो की मौत

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर- सिर पर बाल उगाने के नाम पर दो इंजीनियरों की जान लेने की आरोपी महिला डॉक्टर अनुष्का तिवारी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। अनुष्का तिवारी 18 दिनों से फरार थी। उसकी तलाश में यूपी-बिहार, दिल्ली समेत कई राज्यों में पुलिस छापेमारी कर रही थी। आप को बता दें कि कानपुर में एक इंजीनियर ने हेयर ट्रांसप्लांट कराया। लेकिन इंफेक्शन की वजह से उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिजन ने आरोपी महिला डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कराया था उसके बाद से पुलिस उस डॉक्टर की तलाश में जुटी थी।

जानिए मामला

कानपुर के पनकी पावर प्लांट में सहायक अभियंता विनीत दुबे तैनात थे। उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज की है और बताया कि उनके पति ने कल्याणपुर की डॉक्टर अनुष्का तिवारी से हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। जिसकी वजह से उनके चेहरे पर सूजन आ गई और उनकी तबीयत खराब हो गई। इंफेक्शन ज्यादा होने की वजह से 15 मार्च को उनकी मौत हो गई। इसी बीच एक और इंजीनियर की मौत की जानकारी मिली है। इसने भी डॉक्टर अनुष्का तिवारी से हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। बताया जा रहा है कि हेयर ट्रांसप्लांट के बाद रात को उसके सिर में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद चेहरे पर सूजन और गई और मौत हो गई।

हेयर ट्रांसप्लांट के बाद सिर में होने लगा दर्द

पीड़ित ने बताया कि केशवनगर की इंपायर क्लीनिक से हेयर ट्रांसप्लांट कराने पर पनकी पावर हाउस के सहायक अभियंता मयंक कटियार (32) प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) से बीटेक करने के बाद निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। वह अपना व्यवसाय कानपुर में ही सेटअप करने की तैयारी में था। पिछले साल 18 नवंबर को मयंक हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए केशवपुरम स्थित इंपायर क्लीनिक की डॉ. अनुष्का तिवारी के पास गया था। उसे सुबह करीब आठ बजे बुलाया था। डॉ. अनुष्का ने उसे दो बजे अपनी क्लीनिक से छोड़ा। हेयर ट्रांसप्लांट के बाद वह घर आया। रात करीब 12 बजे उसके सिर में तेज दर्द हुआ। डॉ. अनुष्का से बात की तो उन्होंने इंजेक्शन लगवाने की बात कही। इंजेक्शन लगवाने के बाद भी उसका दर्द ठीक नहीं हुआ। इस पर उन्होंने पट्टी ढीली करने को कहा। इससे भी फर्क नहीं पड़ा तो डॉक्टर ने भरोसा दिलाया कि जल्द दर्द से राहत मिलेगी।

18 दिन से डॉक्टर की तलाश में जुटी थी पुलिस

पीड़ित के परिवार करीब छह महीने से थाने के चक्कर लगा रहे है। लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। मयंक की मां ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उसके बाद डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। उसके बाद डॉक्टर अपना क्लीनिक छोड़कर फरार चल रही थी। फिलहाल 18 दिन बाद महिला डॉक्टर ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

बागेश्वर धाम कथा से लौट रहे पूरे परिवार ने एक साथ की आत्महत्या, पंचकूला में कार के अंदर मिले 7 शव

स्वतंत्र प्रभात

पंचकूला- धार्मिक आस्था से लौटते समय ऐसा भयानक मोड़ लेगा किसी ने सोचा भी नहीं होगा। पंचकूला के सेक्टर-27 में सोमवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब सड़क किनारे खड़ी एक कार में एक ही परिवार के सात लोगों के शव बरामद किए गए। यह परिवार देहरादून से बागेश्वर धाम की हनुमंत कथा में शामिल होने पंचकूला आया था और वापसी के दौरान कार में ही ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली।

मृतकों में माता-पिता, दंपती और तीन मासूम बच्चे

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान देहरादून निवासी प्रवीण मित्तल (42), उनकी पत्नी, माता-पिता और तीन बच्चों (दो बेटियां, एक बेटा) के रूप में हुई है। सभी शव कार के अंदर बंद अवस्था में पाए गए। कार बाहर से लॉक थी और किसी भी तरह के संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं।

कर्ज में डूबा था परिवार, सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें आर्थिक तंगी और कर्ज का जिक्र किया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि परिवार लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा था और कर्ज के कारण मानसिक दबाव में था। इसी तनाव के चलते उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया।

धार्मिक कथा से लौटते वक्त लिया मौत का रास्ता

प्रवीण मित्तल का परिवार बागेश्वर धाम के संत धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा में भाग लेने के लिए पंचकूला आया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी देहरादून लौट रहे थे, लेकिन उससे पहले उन्होंने सेक्टर-27 में कार खड़ी की और सामूहिक आत्महत्या कर ली।

जांच में जुटी पुलिस और फोरेंसिक टीम

घटना की सूचना मिलते ही पंचकूला पुलिस, फोरेंसिक टीम और डीसीपी हिमाद्री कौशिक मौके पर पहुंचे। डीसीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अमित दहिया भी मौके पर मौजूद रहे। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है। शवों को पंचकूला के निजी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है और पोस्टमार्टम के आदेश दिए गए हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

रास्ते के बीच में स्थित विद्युत पोल को हटाए जाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम विकासखंड के होशियापुर गांव में रास्ते का निर्माण काफी पहले हुआ था, लेकिन रास्ते के बीच में विद्युत पोल गड़ा हुआ है जिससे आवा गमन में लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। गांव के ही निवासी सनी यादव ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही पोल को हटाया गया। इस बाबत जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की गई है कि मुख्य रास्ते के बीच में स्थित विद्युत पोल को हटाने पर ही सुचारु ढंग से आवागमन हो सकता है।

बृजेश की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु की गई उप मुख्यमंत्री से वार्ता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न समस्याओं के निदान को लेकर म0 मि0 महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक दल 26 मई को प्रातः उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर भेंट एवं वार्ता की। श्री शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की विभिन्न समस्यों का पत्र उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सौंपा। साथ में मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय प्रभारी सोशल मीडिया सेल मनरेगा मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विश्वास दिलाया कि इस पत्र में दी गई समस्याओं का हल कराएंगे। श्री शर्मा ने ये भी बताया कि दिनांक 27/05/2025 को लखनऊ में कई बड़े नेताओं व केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री, राकेश राठौर गुरु राज्यमंत्री, आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री, दारा सिंह चौहान कैबिनेट मंत्री, पंचायत मंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि से मुलाकात करके प्रदेश की विभिन्न समस्यों पर वार्ता करेंगे।

कौशाम्बी में अध्यापकों की भर्ती में फर्जीवाड़ा मास्टरमाइण्ड भोला पटेल की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में अध्यापकों की भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा करने वाला मास्टरमाइण्ड सामने आया है। यह मास्टरमाइण्ड, बजरंगी, जो फूलपुर जनपद प्रयागराज का निवासी है, न केवल भर्ती प्रक्रिया में अवैध प्रमाण पत्र बनवाने में शामिल था, बल्कि उसने स्थानीय व्यक्ति भोला पटेल को कौशाम्बी में इस फर्जीवाड़े की कमान भी सौंपी।सूत्रों के अनुसार, भोला पटेल ने अपने रिश्तेदारों और बिरादरी के अन्य लोगों को फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर अध्यापक भर्ती में शामिल कराया। ऐसा करने में उसने न केवल अपने समुदाय के लिए लाभ उठाने की कोशिश की, बल्कि कई योग्य छात्रों के साथ धोखाधड़ी भी की है। इसकी पूरी योजना को राजनैतिक संरक्षण मिलने की भी चर्चा है।स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और भोला

पटेल की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा रखा है, लेकिन वह अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जानकारी के अनुसार, भोला पटेल ने अन्य विद्यालयों के फर्जी प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल कर कई भर्तियों में अपने करीबी रिश्तेदारों को शामिल किया है।जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ अध्यापक इस फर्जीवाड़े में शामिल होने के बावजूद अपने आप को निर्दोष साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। जब उनसे फोन के माध्यम से पूछताछ की जाती है, तो वे खुद को फर्जी करार देने से इंकार कर देते हैं, हालांकि जांच में जुटे अधिकारियों के पास उनके खिलाफ ठोस सबूत मौजूद हैं।इस मामले में भोला सिंह, उर्फ सुनील सिंह, ने अपने परिवार के सदस्यों, विशेषकर अपनी पत्नी और भाई के साथ मिलकर भी फर्जीवाड़ा किया है। अब देखना यह है कि एसटीएफ भोला पटेल और उसके साथियों को कब तक गिरफ्तार कर पाती है और इस बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश कर पाती है। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के लिए यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है कि भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित कैसे की जाए ताकि भविष्य में ऐसे फर्जीवाड़े की पुनरावृत्ति न हो सके।

जांच के संबंध में साक्ष्य/बयान 13 जून तक दें- नगर मजिस्ट्रेट

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली, जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के आदेशानुसार नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार द्वारा 30 जनवरी 2025 को समय 13:30 बजे दुर्घटनाकारी निगम बस, लखनऊ क्षेत्र चारबाग डिपो की बस संख्या- यूपी 78 जेएन 7551 से मोटर साइकिल वाहन संख्या- यूपी 33 सीबी

5903 पर सवार अंशुमान सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी हरचन्दपुर रायबरेली की तीव्र गति से आकर निगम बस के पिछले बाये हिस्से से टकरा जाने से मृत्यु हो गयी। घटना की जांच नगर मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि उक्त घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई साक्ष्य देना हो या कोई जानकारी देनी हो तो वह नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय/कार्यालय में 28 मई 2025 से 13 जून 2025 के मध्य किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

दिल्ली में स्क्रैप कारोबारी निकला पाकिस्तानी जासूस, यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार

यूपी एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने भारत विरोधी काम करने और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दिल्ली के स्क्रैप कारोबारी मोहम्मद हारुन को गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मद हारुन दिल्ली के सीलमपुर इलाके का रहने वाला है और स्क्रैप का काम करता है. आरोपी पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत मुजम्मल हुसैन के साथ मिलकर वीजा दिलाने के नाम पर अवैध रूप से धन वसूल करता था. एटीएस को मिली सूचना के अनुसार, हारुन और मुजम्मल हुसैन ने पाकिस्तान को महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी शेयर कीं. साथ ही भारत की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

मुजम्मल हुसैन के कहने पर मोहम्मद हारुन ने कई बैंक खाते उपलब्ध करवाए. इनमें मुजम्मल हुसैन ने वीजा लेने वाले अपने क्लाइंट्स से इन खातों में रुपये जमा करवाए. इस धन को देश विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल किया. पूछताछ में पता चला कि हारुन की पाकिस्तान में रिश्तेदारी थी. इस कारण वह पाकिस्तान जाने के दौरान मुजम्मल हुसैन के संपर्क में आया था। इसके बाद, हुसैन ने हारुन से कई महत्वपूर्ण जानकारियां शेयर

कीं. उसने इन जानकारियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को भेजा. पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत मुजम्मल हुसैन को भारत सरकार ने पर्सन नॉन ग्राटा घोषित किया है. उसे देश छोड़ने का आदेश दिया गया है. गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद हारुन के पास से दो मोबाइल फोन और 16,900 रुपये कैश मिला। यूपी एटीएस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है. आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इससे पहले यूपी एटीएस ने वाराणसी से पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया. यह कार्रवाई वाराणसी के आदमपुर थाना क्षेत्र के नवापुरा स्थित हनुमान फाटक इलाके में की गई. गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद तुफैल है. एटीएस की जांच में पता चला कि तुफैल पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के लिए काम करता था।

बेहजम वाया नीमगांव कस्बे को जानें वाले मार्ग पर नहीं कोई रोडवेज बस

● प्राइवेट बसों से क्षेत्र के राहगीरों को करना पड़ रहा सफर

यहां यात्रियों को नहीं मिल रही सुविधाएं,यात्री प्रतीक्षालय बनाने में लाखों खर्च पर कभी नहीं रुकती बसें।

स्वतंत्र प्रभात

बेहजम खीरी। नीमगांव कस्बे में थाना गेट के सामने स्थित यात्री प्रतीक्षालय आज अपनी दयनीय स्थिति में पहुंच गया है,विकास मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए बनवाया गया यह प्रतीक्षालय के सामने अब कचरे का ढेर बन गया है,सरकारी पैसे की बर्बादी और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही देखनी हो तो नीमगांव कस्बे के बस प्रतीक्षालय की वर्तमान दुर्दशा को देख लीजिए। इसके निर्माण में लाखों रुपए व्यय किए गए लेकिन इसकी देखरेख नहीं हो पाई,लोगों की सुविधा के लिए कस्बों में यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया, यात्रियों को धूप व बरसात में यात्री छांव में बैठकर वाहन का इंतजार कर सके,पर यहां प्रमुख समस्या पानी की टंकी से बहने वाले पानी की निकासी व्यवस्था का न होना है, जिससे प्रतीक्षालय तक जाने का रास्ता जलभराव के कारण बाधित हो गया है। और तो और पूरे गांव में सफाई कार्य होने पर सफाई कर्मियों द्वारा यात्री प्रतीक्षालय के सामने कूड़ा डालने का स्थान बना दिया स्थिति को और गंभीर बनाते हुए,स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने प्रतीक्षालय के आस-पास कचरा फेंकना शुरू कर दिया है,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के नियमों की अनदेखी करते हुए, ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों की लापरवाही स्पष्ट दिखाई दे रही है।

ग्रामीण निर्माण के समय खुश थे कि लोगों को इसका लाभ मिलेगा,कुछ समय ठीक-ठाक रहा, लेकिन पंचायत की उपेक्षा व देखरेख के अभाव में भवन जर्जर होता गया। अब यात्री प्रतीक्षालय केवल खंडहर साबित हो रहा है।

महिलाओं को होती है ज्यादा तकलीफ

यात्री प्रतीक्षालय होने के बाद भी उपयोग

नहीं होने से महिलाओं को ज्यादा तकलीफ होती है। पुरुष पान ठेला, दुकान या अन्य जगह पर रूककर बसों का इंतजार कर सकते हैं, लेकिन महिलाओं को फजीहत का सामना करना पड़ता है। मजबूरन किसी वृक्ष के नीचे या धूप में खड़ा होकर बसों का इंतजार करतीं हैं।

सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय का अभाव

बेहजम वाया नीमगांव मार्ग पर सड़क किनारे यात्री प्रतीक्षालय का अभाव है,इसके अभाव में छात्र-छात्राओं से लेकर ग्रामीण यात्रियों आज भी धूप या पेड़ के नीचे खड़े होकर बसों का इंतजार करते नजर आते हैं,क्योंकि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों केवल अपनी सुविधा को देख रहे हैं,आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग रोजाना इस यात्री प्रतीक्षालय को छोड़ कस्बे के चौराहे पर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए यही पर इंतजार करने पड़ रहा है प्रतीक्षालय के अभाव में यात्रियों को घंटों धूप में बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

आत्महत्या करने वाले सभी छात्रों की सोचें



हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा में हुई छात्रों की मौत पर सुनवाई की।इन पर चिंता जाहिर की। स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई, जबकि अकेले कोटा ही नही देशभर के छात्रों की मौत पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन मौत की जांच होनी चाहिए। देशभर के छात्रों की आत्महत्या और इनको रोकने पर विचार होना चाहिए। स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, %कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया?%सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। चार मई को एनइइटी एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। चार मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छह मई को स्वतः संज्ञान लिया था।

आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने %अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य% मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं।वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपए दो दिन में जमा कराएं।

बात पिछले सालों की करें, तो साल 2024 में कोटा में रहने वाले 17 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। पिछले साल जनवरी के महीने में 2 और फरवरी के महीने में 3 सुसाइड हुए थे। वहीं साल 2023 में कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के कुल 26 मामले सामने आए थे।

एमपी सुसाइड प्रिवेंशन टास्क फोर्स के मेंबर और साइकेट्रिस्ट डॉ सत्यकांत त्रिवेदी ने कोटा में हो रहे स्टूडेंट सुसाइड को लेकर कहा, 'किसी भी आत्महत्या का कोई एक कारण नहीं होता। वही एग्जाम सभी बच्चे दे रहे होते हैं। ऐसे में सुसाइड के लिए मिले-जुले फैक्टर्स जिम्मेदार होते हैं। इसमें जेनेटिक्स कारण, सामाजिक कारण, पियर प्रेशर, माता-पिता के एक्सपेक्टेशन्स, शिक्षा तंत्र सब शामिल है।

डॉ त्रिवेदी कहते हैं कि कहीं न कहीं हम बच्चों को ये सिखाने में नाकामयाब हो जाते हैं कि स्ट्रेस, रिजेक्शन या फेलियर से कैसे डील करना है। आज बच्चा ये मानने लगा है कि उसका एकेडमिक अचीवमेंट उसके एग्जिस्टेंस से भी बड़ा है। बच्चा तैयारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जीवन छोड़ने के लिए तैयार है। सोसायटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को बहुत ज्यादा महिमामंडित कर दिया है जिसकी वजह से बच्चा ये महसूस करता है कि मैं पूर्ण तभी हो सकूंगा जब कोई एग्जाम क्रैक कर लूंगा।

देश में आत्महत्या के हर साल आने वाले मामलों में छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की थी. जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।भारत युवाओं का देश है. यहां की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी युवा है. लेकिन, अब इसी देश में हर 40 मिनट में एक युवा अपनी जान दे रहा है। ये आंकड़े स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट की ओर से जारी किए गए हैं। दरअसल, देश में हर दिन 35 से ज्यादा छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। साल 2018 से 2022 तक देश में 59,153 छात्रों ने आत्महत्या कर ली।

स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट, आईसी थ्री की साला कॉन्फ्रेंस में साझा की गई। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। आईसी- 3 एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है जो पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जहां आत्महत्या की दर हर साल दो फीसदी की दर से बढ़ रही है, वहीं छात्रों में आत्महत्या की दर चार फीसदी की दर से हर साल बढ़ रही है। यानी देश में आत्महत्या के जितने मामले हर साल आते हैं, उनमें छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी. जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या की।

छात्रों की आत्महत्या के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग वजहें हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में सिर्फ एक वजह है। ये वजह है मेंटल हेल्थ। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 15 से 24 साल का हर सात में से एक आदमी खराब मेंटल हेल्थ की समस्या से जूझ रहा है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि लोग अपनी मेंटल हेल्थ की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते. यूनिसेफ के इस सर्वे में ही जितने लोगों ने भाग लिया, उसमें से सिर्फ 41 फीसदी लोग ही अपनी मानसिक समस्या के समाधान के लिए काउंसलर के पास गए। यानी 59 फीसदी लोगों ने इस समस्या को जैसे का तैसा छोड़ दिया।

देश को चाहिए कि वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों की कोई प्रदेश स्तर पर ऐसी कोई संस्था बनाए तो तकनीकि शिक्षा के लिए कोचिंग करने वालों और तकनीकि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं के मानसिक स्तर की समय - सयम पर जांच करे। उनकी कोंसलिंग करे।उनकी समस्याओं पर विचार कर छात्र- छात्राओं का सही मार्ग दर्शन करे, ताकि वह आत्महत्या न कर , विपरीत परिस्थिति से संघर्ष करना सीखें। उन्हें जीवन जीने की कला सिखाई जाए। अगर विशेषज्ञ समझें तो कोचिंग करने वाले और तकनीकि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को मैडिटेशन या ध्यान से भी जोड़ा जा सकता है। इससे युवाओं में विषय के प्रति एकाग्रता बढ़ेगी।चिंतन शक्ति का विकास होगा। निगेटिव विचार कम होंगे।ये मैडिटेशन या ध्यान उन्हें पूरे जीवन के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

अशोक मधुप

अभावों से भरी जिन्दगी ही असल में सफलता की बुलंदियों को छूती है और कमाल करती है

हम जब कभी किसी के सफलता की कहानी सुनते हैं तो हमारे सामने अक्सर चमक-धमक और ऊंचाइयों की तस्वीर सामने उभर कर आती है। हमें यह लगता है कि इसके सफलता के पीछे कोई न कोई इसका सपोर्टर होगा या इसका बैकग्राउंड सही होगा। लेकिन जब हम गहराई से तहकीकात करते हैं तो पता चलता है अधिकांश मामलों में सफलता की ऊंचाइयों के पीछे छुपी जिन्दगी की असली कहानी अभावों की होती है। भूख की, संघर्ष की और नींद, आराम एवं जवानी की कुछ मौज मस्ती की कुर्बानी की होती है। यह सच है कि अभावों से भरी जिन्दगी ही वह जमीन तैयार करती है, जहां से असली उड़ान शुरू होती है।

मान लें अगर किसी छात्र को पढ़ाई लिखाई के लिए एसी कमरा, स्कूल कॉलेज जाने-आने के लिए गाड़ी आदि जैसी आरामदायक सारी सुविधा प्रदान कर दी जाए तो शायद ही वह पढ़-लिख कर सफल हो पाएगा। अभाव एक अदृश्य शिक्षक होता है। अभाव कोई अभिशाप नहीं है। जब किसी के पास संसाधन सीमित होते हैं, तो वह रचनात्मकता, धैर्य और मेहनत को हथियार बनाता है। एक गरीब छात्र के पास कोचिंग नहीं होती, लेकिन उसके पास किताबों से दोस्ती करने का जज्बा होता है। एक किसान के बेटे के पास जूते नहीं होते, लेकिन सपने उसके चमड़े के जूतों से भी ज्यादा मजबूत होते हैं।

हमलोग जिसे कमी कहते हैं, वही किसी के जीवन में सबसे बड़ी प्रेरणा बन जाती है। अभाव व्यक्ति को सिखाता है कि कुछ भी आसानी से नहीं मिलेगा और इसलिए वह हर कदम पर और अधिक सतर्क, मेहनती और केन्द्रित होता है। अब्दुल कलाम, लता मंगेशकर, धीरूभाई अंबानी आदि इन सभी के जीवन में अभाव थे, लेकिन उन्होंने उन्हीं कमियों को सीढ़ी बनाकर शिखर तक पहुंचने का रास्ता बनाया। दूसरी तरफ साधन सम्पन्न ज्यादातर लोग आलसी होने के साथ-साथ अपने पैतृक संपत्ति को भी सहेज कर नहीं रख पाते हैं। ऐसे लोग एक तरह के मनोवैज्ञानिक रिलैक्स में होते हैं और उनको लगता है कि हमें अधिक संघर्ष की जरूरत नहीं है। हम पैदाइशी किस्मत वाले लोग हैं और ऐसी सोच के कारण ही वो सफलता के दौड़ में पिछड़े होते हैं।

जिन्दगी में कमाल वहीं होता है जहां आग सुलगती है। अभावों में जीने वाला व्यक्ति जब काम करता है, तो उसमें 'कुछ कर दिखाने' की आग होती है। यही आग उसे आगे बढ़ाती है, थकने नहीं देती, हार मानने नहीं देती। वो जानता है कि उसके पास खोने को कुछ नहीं, सिर्फ पाने की गुंजाइश है और यही सोच उसे 'कमाल' करने वाला बना देती है।

प्रसिद्ध अमेरिकन नृत्यांगना और कोरियोग्राफर इजाडोरा डंकन ने कहा है - "अभाव हमें मांजता है, निखारता है, जिन्दगी का मर्म और सौंदर्य समझाता है।" उन्होंने अपनी सफलता पर लिखा है - ÷मैं बचपन में मिले अभाव और समस्याओं के विशाल पहाड़ का शुक्रगुजार हूं कि उनके बीच पलते हुए मुझे जिन्दगी की जंग जीतने का मौका मिला।" कहने का मतलब साफ है कि अभाव के अनुभव ही आपको आगे ले जाते हैं। अभाव ही आपको संवेदनशील बनाते हैं। अभाव में कुछ भी बुरा तब तक नहीं होता जब तक हम अभावों के आगे नतमस्तक होकर नहीं बैठते या फिर आत्मसमर्पण नहीं करते। अक्सर हम जब भी कुछ करने को निकलते हैं तो दो चार स्पीड ब्रेकर हमेशा तैयार मिलेंगे। आसपास के नकारात्मक विचारधारा के लोग छूटते ही कहेंगे कि ये तो तुम्हारे बस का नहीं है। अगर उनकी माने तो कुछ नया नहीं कर पाएंगे। ऐसे लोग बातें कुछ इस तरह की करते हैं और दबाव भी कुछ इस तरह बनाएंगे कि लगेगा कि इनसे ही दुनियां चल रही है और अब इनकी ही बात मान लेनी चाहिए और ये जैसे कहें वैसा ही हमें करना चाहिए। नकारात्मक विचारधारा के लोग से जितना दूर रहें उतना ही बेहतर होगा।

महान पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टीना रोनाल्डो ने एक साक्षात्कार में बताया था - "बचपन में नए जूते मुझे नहीं मिलते थे। यही चीज मुझे आज तक संवेदनशील बनाए रखा। बचपन के पुराने जूते आज भी सपने में आते हैं।" मतलब यह है कि रोनाल्डो को जूते का अभाव ही जूता और फुटबॉल की तरफ रुझान बना कर रखा। यदि जिन्दगी में अभाव नहीं है, तो कोई समस्या ही नहीं होगी और जब समस्या नहीं होगी तो कुछ पाने की ललक भी नहीं होगी। रोनाल्डो हमेशा अभाव को परे झटकते हैं और लक्ष्य पर नजर टीका कर रखते हैं। यही सोच उनको महान बनाता है।

यह दौर नई सोच का है। चीजों को नए तरीके से करने का है। हमें अपने अभाव और ब्रेकर से आगे जाना ही होगा। हम किसी काम को जितने बेहतर तरीके से करेंगे उतना ही बेहतर दाम एवं संतोष मिलेगा। इसलिए जब जिन्दगी में अभाव हो तो घबराना नहीं चाहिए। समझिए कि आपकी परीक्षा चल रही है और यह दौर एक दिन आपको सबसे मजबूत इंसान बना देगा। दुनिया में ज्यादातर असाधारण सफलता की कहानियां उन्हीं लोगों की हैं, जिन्होंने अभावों में जीना सीखा और उसी जीवन से कमाल कर दिखाया क्योंकि असली चमक उसी में है, जो अंधेरे से निकली हो। जैसे जितनी अंधेरी रात होती है, तारे की चमक भी उतने ही कमाल की होती है।

कृष्ण कुमार

दैनिक राशिफल

ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी

मेष- आज कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

वृष- आज कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

मिथुन- आज किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

कर्क- प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

सिंह

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी। चिंता रह सकती है। थकान रहेगी। प्रमाद न करें।

कन्या- शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी।

तुला- शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें।

वृश्चिक- भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी।

धनु- प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है।

मकर- धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

कुंभ-कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। नकारात्मकता हावी रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

मीन- कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है।

संपादकीय

सुविधा पैसे ऐश से यारी- देश के साथ गद्दारी!

दुश्मन देश अपने विरोधी देशों की जासूसी के लिए हनी ट्रैप का इस्तेमाल करते है। भारत में हनी ट्रैप के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन अब विदेशी एजेंसियों द्वारा भारतीय युवाओं को आसानी से सुविधा पर्यटन का खर्चा विपरीत सैक्स के आकर्षण से लव एंगल बना कर जासूसी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ताज़ा मामला यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का इन दिनों सुर्खियों में है इसमें पूर्व हमारी आईएफएस अधिकारी माधुरी भी पाकिस्तान में कथित तौर पर एक मुस्लिम के जाल में फंस कर धर्मपरिवर्तन कर जासूसी करने मे शामिल रहीं है। समझना होगा कि खासकर युवतियां क्यों हो जाती हैं पाकिस्तानी हनी ट्रैप का शिकार? आप जानते हैं कि सोशल मीडिया के इस दौर में लोगों के पास अपने अकेलेपन को दूर करने का एक तरीका ऑनलाइन चैटिंग, वीडियो कॉल वगैरा भी है। कुछ युवा नए दोस्त बनाने के चक्कर में तो कुछ अकेलापन दूर करने और कुछ पैसों और सुविधा के लिए जाने अनजाने में इस घिनौने खेल में शामिल हो जाती हैं और जब तक उन्हें पता चलता है कि वह किसी देश के दुश्मन के शिकंजे में फंस गयीं हैं तब देर हो चुकी होती है न तो उनमे इतना साहस होता है कि वह देश की एजेंसियों के सामने सच बता कर सरेंडर कर सके दरअसल उनको स्लीपर सेल बनाने वाले इतना दबाव बना कर मनोबल तोड़ देते हैं कि यदि उन्होंने जरा भी जाल से बाहर निकलने की कोशिश की तो वह सारी जिंदगी जेल में रहेंगी। ऐसे में जाल में फंसी महिलाओं को विदेशी एजेंसियों के इशारे पर काम करने के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता है।

हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा फिलहाल पुलिस हिरासत में है, जिससे पूछताछ की जा रही है। जिसमें देश की संवेदनशील सूचनाओं के आदान प्रदान का मामला जाहिर हो रहा है यह युवती पाकिस्तान बांग्लादेश आदि की यात्रा कर चुकी है। इस आरोपी को हिसार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अदालत ने पूछताछ के लिए उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क के खिलाफ देश की सुरक्षा एजेंसियों की तेज कार्रवाई के फलस्वरूप हुई है। इससे पहले एक महिला समेत दो लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार किया गया था। वे भी पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कुछ अधिकारियों के संपर्क में थे। हरियाणा के कैथल जिले के गुहला में भी एक युवक को जासूसी के आरोप में दबोचा गया है। ये तमाम गिरफ्तारियां इस लिहाज से चौंकाने वाली है कि आरोपी स्लीपर के रूप में मौजूद थे और समाज में इस कदर सक्रिय थे कि उन पर पहली नजर में शक होना तक संभव नहीं था। ये पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ अधिकारियों के जाल में फंसे तो लालच के चलते फंसे। चाहते थे कि इस प्रकार मिलने वाले धन से ऐश की जिंदगी जी जाए। धन कमाने की लालसा होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस लालसा के वशीभूत होकर देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ जाना अक्षम्य अपराध है। आरोपी ज्योति के यूट्यूब चैनल के 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं, लेकिन शानो-शौकत की जिंदगी जीने की इच्छा ने उसे कानून के शिंकजे में धकेल दिया। वह पाकिस्तान के अलावा कई दूसरे देशों में भी घूम-फिर चुकी है। उसके मोबाइल फोन में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे वह निरंतर संपर्क में रहती थी और देश की महत्वपूर्ण जानकारी और सूचनाएं उन तक पहुंचा रही थी। हैरान करने वाली बात यह है कि वह देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर अपनी करतूतों को अंजाम दे रही थी। इन लोगों की गिरफ्तारियां भारतीय एजेंसियों की यकीनन बड़ी सफलता है, परंतु जरूरी है कि इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन लोगों तक भी पहुंचा जाए जिनके ये लोग संपर्क में थे। यह काफी बड़ा जाल हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों की इस कार्रवाई ने न केवल जासूसी के नए-नए तरीकों को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल खतरनाक मंसूबों के लिए हो रहा है। हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा से लेकर पंजाब के मलेरकोटला के युवाओं तक, ये जासूस हनीट्रैप, मैसेजिंग ऐप्स और व्यक्तिगत यात्राओं के जाल में फंसाए गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार यह जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से 20-30 आयु वर्ग के युवाओं को निशाना बनाता था, जो सोशल मीडिया पर सक्रिय थे। इनमें से कई लोग अनजाने में जाल में फंस गए, जबकि कुछ को पैसे और अन्य प्रलोभनों ने लालच में डाला। उदाहरण के लिए, ज्योति मल्होत्रा को कथित तौर पर एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के जरिए हनीट्रैप में फंसाया गया, जिसके बाद वह संवेदनशील जानकारी साझा करने लगीं। इसी तरह पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार छह लोगों का समूह स्थानीय स्तर पर छोटे-मोटे काम करता था, लेकिन उन्हें सीमा पार से मिलने वाले निर्देशों के आधार पर सैन्य ठिकानों की तस्वीरें और जानकारी भेजने के लिए प्रेरित किया गया।

यह पहली बार नहीं है कि जब ज्योति मल्होत्रा, शहजाद, देवेंद्र सिंह, नोमन इलाही, गजाला आदि भारतीय युवाओं को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया कि इसे पूरी दुनिया ने देखा।

आपको बता दें कि कच्छ सीमा क्षेत्र से एक और संदिग्ध जासूस को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सहदेव सिंह गोहिल के रूप में हुई है। वह गुजरात का रहने वाला है। गोहिल पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था। भारत की संवेदनशील जानकारी भेज रहा था।

गोहिल जून-जुलाई 2023 में व्हाट्सएप पर अदिति भारद्वाज नाम की महिला के संपर्क में आया था। बाद में उसे पता चला कि वह पाकिस्तानी एजेंट थी। उसने उससे बीएसएफ और आईएएफ साइटों खासकर नए बने जगहों की तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए कहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने भारत के गद्दारों को पकड़ने पर ध्यान लगाया है। इस दौरान ज्योति मल्होत्रा से लेकर सहदेव सिंह गोहिल तक 16 गद्दारों के गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है।हाल ही में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में

ज्योति मल्होत्रा- हिसार, हरियाणा यामीन मोहम्मद मलेर कोटला, पंजाब देविंदर सिंह- कैथल, हरियाणा गजाला खातून- मलेरकोटला, पंजाब मोहम्मद तारिफ- नूंह, हरियाणा सुखप्रीत सिंह, पंजाब करणबीर सिंह- पंजाब मोहम्मद हारुन, सीलमपुर, दिल्ली सूरज मसीह- अमृतसर, पंजाब अरमान-नूंह, हरियाणा मोहम्मद मुर्तजा- जालंधर, पंजाब नौमान इलाही- पानीपत, हरियाणा पलक शेर मसीह- अमृतसर, पंजाब शहजाद- रामपुर, उत्तर प्रदेश मोहम्मद तुफैल- वाराणसी, यूपी सहदेव सिंह गोहिल- कच्छ, गुजरात समेत 16 युवा शामिल हैं। इन जासूसों में एक ट्रैवल व्लॉगर से लेकर सुरक्षा गार्ड और ऐप डेवलपर तक शामिल हैं, जो सोशल मीडिया, हनीट्रैप और पैसे के लालच में फंसकर देश की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को लीक कर रहे थे इस कार्रवाई ने न केवल जासूसी के नए-नए तरीकों को उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल खतरनाक मंसूबों के लिए हो रहा है। हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों के हाथों खेलने वाले ये गद्दार जासूस किसी भी तरह की नरम दिली या दया के पात्र नहीं है पूरी जांच के बाद दोषी पाए जाने पर इन जासूसों को सख्त से सख्त सजा देना चाहिए।

मनोज कुमार अग्रवाल

डिजिटल 'फॉलोअर्स' के पीछे भागते युवा- असली पहचान कहाँ है?

[सोशल मीडिया की जंजीरों में जकड़ी पीढ़ी- आत्म-सम्मान की मृत्यु]

डिजिटल युग की चकाचौंध में खोया हुआ युवा आज एक अनजानी दौड़ का हिस्सा बन चुका है। यह दौड़ न तो मैराथन है, न ही कोई रचनात्मक यात्रा। यह फॉलोअर्स, लाइक्स और रीपोस्ट्स की भूख है, जो स्क्रीन की चमक में उसे अपनी असल पहचान से दूर ले जा रही है। एक समय था जब पहचान का आधार व्यक्ति के विचार, उसकी मेहनत और उसकी नैतिकता होती थी। आज वह आधार डिजिटल आंकड़ों की रेत पर टिका है – एक ऐसी नींव जो हर नए ट्रेंड के साथ हिल जाती है। यह सिर्फ सोशल मीडिया की कहानी नहीं, बल्कि एक पीढ़ी की आत्मा की खोज की कहानी है, जो अपनी सच्चाई को स्क्रॉल करने में भूल चुकी है।

सोशल मीडिया ने दुनिया को जोड़ा, लेकिन इसने व्यक्तिगत पहचान को एक बाजार में तब्दील कर दिया। इंस्टाग्राम की रील्स, टिकटॉक के वीडियो और ट्विटर के 280 अक्षरों में युवा अपनी कहानी को समेटने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह कहानी उनकी नहीं, बल्कि उस छवि की होती है, जो दूसरों को प्रभावित करने के लिए गढ़ी जाती है। एक 18 साल का लड़का अपनी कविता की गहराई से नहीं, बल्कि अपनी प्रोफाइल की 'एस्थेटिक' से आंका जाता है। एक युवती की प्रतिभा उसके डांस मूव्स की वायरलिटी से मापी जाती है। यह दौड़ फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने की नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान को खोने की है। विश्वसनीय अध्ययनों, जैसे कि जर्नल ऑफ सोशल एंड क्लिनिकल साइकोलॉजी (2023) में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से युवाओं में आत्म-संदेह और चिंता के मामले 30% तक बढ़े हैं। यह आंकड़ा सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि उस खोखलेपन की गवाही है, जो डिजिटल स्वीकार्यता की चाह में उपजता है।

इस दौड़ का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह वास्तविक उपलब्धियों को हाशिए पर धकेल देता है। एक युवा वैज्ञानिक, जिसने अपनी मेहनत से कोई नया आविष्कार किया, अगर वह सोशल मीडिया पर 'वायरल' नहीं हुआ, तो उसकी उपलब्धि को नजरअंदाज कर दिया जाता है। वहीं, एक मेडियोकर कंटेंट क्रिएटर, जिसने सही समय पर सही हैशटैग का इस्तेमाल किया, रातोंरात स्टार बन जाता है। यह प्रक्रिया न केवल प्रतिभा को कमतर करती है, बल्कि युवाओं को यह संदेश देती है कि सतही चमक ही असली कामयाबी है। प्यू रिसर्च सेंटर (2024) की एक रिपोर्ट बताती है कि 65% युवा मानते हैं कि सोशल मीडिया पर उनकी मौजूदगी उनकी सामाजिक स्थिति का सबसे बड़ा पैमाना है। यह एक खतरनाक सोच है, जो उन्हें अपनी आंतरिक शक्ति और मौलिकता से दूर कर रही है। इस सबके बीच मानसिक स्वास्थ्य की कीमत सबसे भारी पड़ रही है। डिजिटल दुनिया में हर कोई एक परफेक्ट जिंदगी का दिखावा करता है। इंस्टाग्राम की चमचमाती तस्वीरें, लक्जरी लाइफस्टाइल और परफेक्ट बॉडी वाली प्रोफाइल्स युवाओं को एक असंभव मानक की ओर धकेलती हैं। तुलना की यह आग फोमो (FOMO - Fear of Missing Out) को जन्म देती है, जो धीरे-धीरे डिप्रेशन और चिंता में बदल जाता है। लैंसेट साइकियाट्री (2022) के एक अध्ययन के अनुसार, 16-

संक्षिप्त खबरें

पीआरवी वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत घर में मचा कोहराम

सीतापुर जनपद सीतापुर के मानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक हादसा हुआ यूपी पुलिस की डायल 112 की गाड़ी ने एक ठेला चालक को पीछे से टक्कर मार दी हादसे में 22 वर्षीय विनय की मौके पर ही मौत हो गई विनय कैमहरा मजरा मुजुद्दीनपुर का रहने वाला था जानकारी के अनुसार विनय अपने चचेरे भाई आशुतोष के साथ भूसा लादकर ठेले से बिसवां जा रहा था लालपुर कोठी के पास पीछे से आ रही डायल 112 की गाड़ी ने ठेले को टक्कर मार दी विनय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आशुतोष खंती में गिरा और मामूली रूप से घायल हुआ मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया डॉक्टरों ने विनय को मृत घोषित कर दिया। आशुतोष ने बताया कि पुलिस गाड़ी की लापरवाही से यह हादसा हुआ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है परिजन और ग्रामीण पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं!!

बिसवां- डायल 112 की टक्कर से ठेलिया चालक की मौत

सीतापुर जनपद के कोतवाली मानपुर क्षेत्र अंतर्गत लालपुर कोठी गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार विनय (पुत्र राम सेवक), निवासी कैमरा, ठेलिया से भूसा लेकर बिसवां की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही डायल 112 की सरकारी वाहन ने ठेलिया में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विनय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ठ्ठ) बिसवां पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के परिजन और ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए हैं। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

बच्चों ने हार्टअटैक के समय प्राथमिक उपचार के सीखे गुर

बिसवां (सीतापुर)। सोमवार समर कैंप के छठवें दिन बिसवां विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट जहांगीराबाद में बच्चों को रोज की तरह योग अभ्यास कराया गया। पांचवें दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश था। योगाभ्यास में ताइक्कांडो के कुछ स्टेप कराये गये। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न खेलों का आनंद लिया। प्रशिक्षक मो0 फिरोज आलम द्वारा बच्चों को क्क्स्रु (बेसिक लाइफ सपोर्ट) और ष्टक्क्र (कार्डियोपलमोरी रिससिटेशन) के बारे में भी जानकारी दी गयी। हार्ट अटैक जैसी किसी विपरीत परिस्थिति के समय रोगी की मदद के लिए बच्चों को तैयार करने की कोशिश की गयी। अंत में बच्चों को जलपान का वितरण किया गया।

विद्युत हड़ताल के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने की बैठक

हरदोई आज विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विद्युत हड़ताल के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए आईटीआई व पॉलीटेक्निक का सहयोग लिया जाये। ए श्रेणी के पावर स्टेशनों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जाये। जोन स्तर पर उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी लगातार सतर्क रहें। आवश्यक सेवाओं की निर्बाधता सुनिश्चित की जाये। जनपद स्तर पर एक तकनीकी कंट्रोल रूम बनाया जाये। कंट्रोल रूम में दक्ष लोगों की तैनाती की जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रूपये के लिए कुछ भी- गरीब महिला के प्लाट में गाढ़ा खम्बा अधिकारियों ने निजी कम्पनी को दिया विधुत संयोजन

● जनता के लिए नियम, रूपये के आगे सब दफन

मामला विधुत वितरण खंड सेस प्रथम के बनी उपकेंद्र का मामला

महिला ने परिवार सहित आत्महत्या करने की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। भारत सरकार में रक्षामंत्री द्वारा गोद लिए ग्राम बेंती में कम्पनियों के दबाव में अवर अभियन्ता की मिली भगत से लाईन मैन बेंती फीडर द्वारा अनुसूचित जाति की गरीब महिला के प्लाट में विद्युत पोल गाड़कर रिषि प्रोकल कम्पनी को विद्युत लाईन बनाकर संयोजन देना है। पीड़िता सावित्री देवी के अनुसार वह अनुसूचित जाति की गरीब महिला है जो दैनिक मजदूरी करके अपने परिवार का जीवनयापन कर रही है। मिर्जापुर बेंती में एक प्लाट है जिसमें दुकान बनाने के लिए मजदूरी करके धन इकट्ठा कर रही थी । लाईन मैन व अवर अभियन्ता द्वारा रिषी प्रोकल कम्पनी से सांठगाठ करके व साजिशन पीड़िता के छाट में वियुत पोल गाड़कर विद्युत लाईन बना रहे हैं। इस सम्बन्ध में पीड़िता से जब बिना पूछे या जानकारी दिये ही जबरन वियुत पोल गाड रहे थे तभी सूचना पाकर पीड़िता जब अपने प्लाट पर पहुंची तो वहाँ खम्भा गाड़ दिया गया तथा जबरन वहाँ से भगा दिया गया। पीड़िता ने आधिशाषी अभियन्ता नादरगंज को भेजे गये शिकायती पत्र में दुऱ्खद आत्मा से चेतावनी दी कि यदि विभाग द्वारा पीड़ता के प्लाट के अन्दर गाड़े गये विद्युत पोल को नहीं हटाया गया तो परिवार सहित आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ेगा।

महिला सिपाही से डॉक्टर की अभद्रता घायलों का मेडिकल कराने गई थी महिला सिपाही

● आवास पर थे डॉक्टर फोन करके बुलाने पर भड़क

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर द्वारा महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है रविवार को महिला सिपाही कुछ घायलों का मेडिकल कराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रवि भार्गव उस समय अपने आवास पर थे। महिला सिपाही ने डॉक्टर को फोन कर बुलाया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही डॉक्टर भार्गव महिला सिपाही पर भड़क गए उन्होंने महिला सिपाही से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। डॉक्टर ने उन्हें स्वास्थ्य केंद्र से बाहर निकल जाने के लिए मजबूर किया इस घटना का वीडियो सामने आया है वीडियो में डॉक्टर का आक्रामक व्यवहार और चिल्लाने की आवाजें स्पष्ट सुनाई दे रही हैं। महिला सिपाही ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने वीडियो का संज्ञान लिया है अधिकारियों ने मामले की पुष्टि करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है घटना के बाद डॉक्टर की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं!!

दो माह से अधिक अवधि से क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाये बाघ को वन विभाग की टीम ने पकड़ने की हासिल की सफलता

स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर। बीते लगभग दो माह से अधिक अवधि से क्षेत्र में दहशत का पर्याय बने बाघ को वन विभाग की टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। बताते चलें कि क्षेत्र में दो माह से अधिक अवधि से सक्रिय बाघ आतंक का पर्याय बना हुआ था जिसने जहां कई मवेशियों को अपना निवाला बनाया था वही खेत में काम करने गए किसानों पर भी हमला कर उन्हें घायल किया था। जिसके लिए शासन द्वारा वन विभाग को बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति दे दी गई थी। जिसके लिए पड़ोसी जनपद लखीमपुर खीरी के दुधवा से तीन सदस्यीय टीम ने पहुंचकर ट्रेंकुलाइज करने के लिए बाघ की लोकेशन को वन विभाग ने ड्रोन कैमरे की मदद से ट्रेस कर लिया। ज्ञातव्य हो कि मार्च में जंगली जानवर बाघ की सक्रियता क्षेत्र के ग्राम रावल अदेसर के पास मिली थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी थी। जिसके बाद वन विभाग ने काम्बिंग शुरू की थी। 4 अप्रैल को बाघ ने एक बछिया का शिकार किया था। जिसके बाद वन कर्मियों ने पग चिन्ह के आधार पर बाघ होने की पुष्टि की थी। वहीं पुनः 8 अप्रैल को बाघ ने एक गोवंश पशु पर हमला कर उसे जख्मी किया था। रावल अदेशर, जगमालपुर, निबौरी, ताहपुर, मुस्काबाद सहित लगभग आधा दर्जन गांवों में बाघ दहशत का पर्याय बना हुआ था। जिसको पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने कई पिंजरे भी लगवाए थे तथा ड्रोन कैमरे की मदद से बाघ की निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में बीती 23 अप्रैल को ग्राम रावल अदेसर में खेत में गेहूं काटने गए किसान प्रकाश पुत्र शिवदयाल पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया था। 01 मई को बाघ ने निबौरी में खेत में सिंचाई करने गए किसान रामशरण पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था तथा बीते शुक्रवार 23 मई को क्षेत्र के ग्राम मुस्काबाद में गांव के बाहर नदी के किनारे घास काटने गए किसान वीरेंद्र पर भी बाघ द्वारा हमला कर जख्मी कर दिया गया। इन सब का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

शनिवार को पुनः बाघ ने एक नीलगाय को निशाना बनाया था जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को यह चेतावनी दी थी कि यदि बाघ को जल्द पकड़ा ना गया तो वह धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसके चलते हरकत मे आयी वन विभाग की टीम ने दुधवा की टीम की मदद से सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम निबौरी में बाघ को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के साथ उसे वन विभाग कार्यालय ले जाया गया जहां से पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ इसे किसी वन क्षेत्र दुधवा या वन रेंज कतर्निया घाट अथवा अन्य तराई क्षेत्र में मुक्त कर दिया जाएगा। वन विभाग की टीम की हौसला अफजाई करने के लिए उत्तर प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने वन विभाग कार्यालय लहरपुर पहुंचकर वन विभाग की टीम की सराहना की और उन्हें शीघ्र ही प्रशस्ति पत्र व पुरस्कृत करने की घोषणा भी की।इस मौके पर डीएफओ विकास यादव, वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह, उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम पुलिस क्षेत्र अधिकारी सुशील कुमार यादव कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह , डिप्टी रेंजर लहरपुर हरीश श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर बिसवां एस के शैलेश, वन दरोगा राजकुमार, प्रद्युमन त्रिपाठी सहित दुधवा की प्रमुख वन्य पशु चिकित्सक डॉ दयाशंकर सिंह सहित तीन सदस्यीय टीम, लहरपुर पशुपालन विभाग के चिकित्सक की टीम भारी प्रशासनिक अमला के साथ उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील अर्कवंशी ने क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न-4 का फीता काटकर किया शुभारंभ

● अब गांव से निकल कर देश व प्रदेश की शान बनेंगे युवा खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई सण्डीला के ग्रामसभा अरसेलिया मजरा बेलई में हो रही जेबीसीएल सीज़न-4 नाइट क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मनोज अर्कवंशी ने मुख्यातिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व मंत्री सुनील अर्कवंशी संरक्षक प्रधान प्रतिनिधि उपेन्द्र भदौरिया एवं विशिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव यादव व जिला अध्यक्ष राजीव अर्कवंशी का माला पहनाकर कर स्वागत किया किया!

जेबीसीएल नाइट क्लब मेंबर्स एवं लखनऊ हॉस्पिटल के डारेक्टर डा. सौरभ सिंह अर्कवंशी ने मुख्य अतिथि सुनील अर्कवंशी का माल्यार्पण कर स्वागत किया, साथ ही मैच में एक ओवर खेलकर कई शाट लगाए। संचालन कर रहे डा0श्रीराम अर्कवंशी शास्त्री ने अपनी कविताओं के माध्यम से बीच-बीच में अपनी कविताओं से मुख्य अतिथि व दर्शकों का मन प्रफुल्लित करते हुए लोगो में उत्साह भरने का कार्य किया। इस मौके पर सुनील अर्कवंशी ने कहा क्रिकेट आज एक ऐसा खेल है जो पूरी दुनिया मे मशहूर है कोई युवक बना सकता है अपना कॅरियर बचपन में हर बच्चों का अगर सबसे कोई प्रिय और रुचि रखने वाला खेल होता है तो वह क्रिकेट ही होता है। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिससे युवा अपना कॅरियर भी बना सकता है आज प्रदेश व देश ही नहीं दुनिया में क्रिकेट खेलने अपनी अलग पहचान बना रखी है नए-नए खिलाड़ी छोटे से शहर से लेकर बड़े-बड़े शहरों से निकलकर आ रहे हैं जो की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना कैरियर बना रहे है, माता-पिता के साथ अपने शहर और प्रदेश देश का नाम रौशन कर रहे है। अच्छा प्रदर्शन करे कि आने वाले समय में गांव की टीम से निकलकर प्रदेश व देश की टीम में शामिल होकर देश और प्रदेश शहर गांव का नाम रोशन करे।

वहीं Jbcl सीज़न-4 की ओपनिंग टीम

एस आर×एस आर एस ग्रुप लखनऊ टीम कप्तान महेन्द्र सिंह वर्सेज़ स्टार इलैवन अतरौली टीम कप्तान रामू सक्सेना के बीच मुकाबला हुआ जिसमे लखनऊ की टीम ने जीत दर्ज की

इस मौके पर पार्टी के 161 संडीला विधानसभा अध्यक्ष श्री नीरज अर्कवंशी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मो कदीर अहमद,युवामंच जिला अध्यक्ष श्री पुनीत अर्कवंशी तहसील अध्यक्ष जोगराज अर्कवंशी प्रधान श्रीमती अनिता अर्कवंशी प्रधान श्री अतीक अहमद प्रधान श्री रामसुचित्र प्रधान श्री रामकिशोर अर्कवंशी,जिला उपाध्यक्ष विनोद अर्कवंशी राकेश अर्कवंशी पूर्व संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय अर्कवंशी बीडीसी शिवकुमार अर्कवंशी, डॉ अंशुल ओमर अंकित पांडे अनूप यादव मनोज द्विवेदी अनमोल कस्यप जिला उपाध्यक्ष राहुल अर्कवंशी क्रिकेट कोच श्री अभिषेख सिंह ,पंकज सिंह आदित्य दुर्गेश शनि आसिफ विनय चरन सिंह रविन्द्र नरेंद्र मुन्ना श्यामू युगराज सिंह,सिंह, धर्मदत्त तिवारी कुलदीप अर्कवंशी विपिन वर्मा गौरव बाथम तौहीद, सैफ अली सहित युवा खिलाड़ियों के साथ काफी लोग मौजूद रहे।

सफाईकर्मी की मौत मचा हड़कंप सीवेज पंप टैंक में मिला शव

● परिजनों ने नगर पालिका पर लगाया लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर जनपद सीतापुर के नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित आवास विकास कालोनी में रविवार देर रात को एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां सफाईकर्मी की सीवेज पंप टैंक में डूबने से संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक की पहचान सूरज नामक सफाईकर्मी के रूप में हुई है जो शनिवार ड्यूटी खत्म करने के बाद से लापता था परिजनों को रविवार शाम सूचना मिली कि सूरज का शव गहरे सीवेज पंप टैंक में पाया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा स्थानीय लोगों के अनुसार, यह टैंक पूरी आवास विकास कालोनी के सीवर टैंकों का गंदा पानी एकत्र कर बाहर निकालने के लिए बनाया गया है। आशंका है कि ड्यूटी के दौरान सूरज टैंक में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई हालांकि, पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए नगर पालिका प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं उनका कहना है कि सफाईकर्मियों की सुरक्षा के लिए कोई भी आवश्यक उपकरण या उपाय नहीं किए गए थे जिससे ऐसे हादसा हो गया। सीओ सिटी अमन सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाएगी!!

बेसिक शिक्षा की नई योजनाओं का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

● प्रभारी मंत्री ने किया शिक्षकों का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर सीतापुर के कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग की नई योजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने की मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय' और 'मुख्यमंत्री अभ्युदय मॉडल विद्यालय' समेत कई योजनाओं का डिजिटल उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों में अब उचित भवन, शिक्षक, छात्र और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो चुकी है मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों और अभिभावकों से बच्चों की पूरी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया 'स्कूल चलो अभियान' को जनआंदोलन बनाने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा समाज की जिम्मेदारी है डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के तहत विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में 1200 रुपए भेजे गए इस राशि से वे यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और पुस्तकें खरीद सकेंगे। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि ये योजनाएं समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनेंगी कार्यक्रम में नवाचार, स्मार्ट क्लास और निपुण भारत मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे!!

लखनऊ के काकोरी में JCB बकेट के नीचे मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

● .....JCB बकेट के नीचे दफन हुई 20 साल के राज की जिंदगी, पुलिस जुटी हत्यारों की तलाश में।

स्वतंत्र प्रभात

काकोरी लखनऊ। राजधानी लखनऊ के काकोरी कोतवाली क्षेत्र के सकरा गांव में आज सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां घुरघुरी तालाब चौकी के सकरा कोथाहा इलाके में 20 वर्षीय राज कश्यप का शव संदिग्ध परिस्थितियों में जेसीबी (JCB) के बकेट के नीचे दबा हुआ मिला। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मृतक की पहचान राज कश्यप के रूप में हुई है, जो काकोरी कस्बे के शेखशादी मोहल्ले का निवासी था। राज कश्यप, पुत्र ईश्वर दिन, अविवाहित था और उसके परिवार में अब उसका भाई सागर कश्यप और उसकी पत्नी मौजूद हैं। दुखद बात यह है कि राज के पिता की मृत्यु 15 वर्ष पहले हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार, राज बचपन से ही जेसीबी पर काम करता था और लगभग 5 साल से जेसीबी ड्राइवर के रूप में कार्यरत था, जिससे उसे इस क्षेत्र में काफी अनुभव था। परिजनों ने बताया कि राज पिछले लगभग दो महीने से घर नहीं आया था और पिछले 20 दिनों से सकरा गांव के पास एक तालाब में मेड बांधने के काम में लगा हुआ था।

परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप

राज कश्यप के भाई सागर कश्यप ने स्पष्ट रूप से बताया है कि उनके भाई की हत्या की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग पांच दिन पहले भी राज का कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद मौके पर चार-पांच सेक्टर (कुर्सियां) टूटी हुई मिली थीं, जो किसी विवाद का संकेत देती हैं। मृतक की चचेरी बहन ने भी अपनी बात दोहराते हुए कहा कि उनके भाई की हत्या की गई है।

पुलिस जांच जारी

मौके पर पहुंची काकोरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश सिंह राठौड़ ने बताया कि हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की छानबीन कर रही है, जिसमें हत्या का आरोप भी शामिल है। परिजनों के बयान और घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार,अन्य दो नामजद आरोपियों की तलाश जारी

● उपरोक्त मामले पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों ने जताई नाराजगी।

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई- बेटी के पिता ने कोतवाली में शिकायत की है आरोप लगाया है 15 वर्षीय नाबालिक बेटी घर में अकेली थी। शनिवार को 5ः00 बजे पलिया राय सिंह गांव निवासी एक युवक उसे ले जा रहा था। तभी गांव के लोगों ने उसे किसी युवक के साथ जाने की जानकारी दी। अपनी पत्नी के साथ घर से ढूंढने निकले तो गांव के कुछ दूरी पर झाड़ियों में आरोपित को दुष्कर्म करते हुए देखा साथ में युवक के दो साथी फोटो वीडियो बना रहे थे मौके से भाग निकले। उपरोक्त शिकायत पर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल उप निरीक्षक रितेश सिंह चौहान, कांस्टेबल कृष्णानंद यादव, कांस्टेबल अश्विनी कुमार सहित टीम गठित कर युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। प्रभारी ने बताया है बेटी के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है अभियुक्त राशिद पुत्र रईस निवासी ग्राम पलिया राय सिंह को गिरफ्तार किया गया है व दो अन्न नाम जद

अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में अवस्थी लॉन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई। भारत विकास परिषद एवं अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शहर के अवस्थी लॉन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जे.के. वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ ए.पी. सिंह एवं डॉ अजय अस्थाना भी उपस्थित रहे। दीप प्रज्जवलन एवं गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शिविर प्रारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने पंजीकरण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। शिविर में हृदय, यूरोलॉजी, हड्डी, फिजियोथेरेपी, फिजिशियन सहित विभिन्न विभागों के डॉक्टरों ने सेवाएं दीं। अपोलो हॉस्पिटल की डाइटीशियन रोशन आरा ने रोगियों को संतुलित आहार चार्ट प्रदान कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ सुरेश अग्निहोत्री ने बताया कि परिषद समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है। संरक्षक अतुल अग्रवाल ने कहा कि इस पहल से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। शिविर में कुल 122 रोगियों को परामर्श एवं उपचार का लाभ मिला। आयोजन में डॉ प्रियेशकांत, डॉ एम एस आलम, डॉ धीरेन्द्र, डॉ सुमित शर्मा, अमित श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया। आर्थोपेडिक सर्जन डॉ देवर्षि गुप्ता ने मरीजों की हड्डी से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया। शिविर में प्रमुख रूप से परिषद अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्र, गौरव सिंह भदौरिया, अनूप पुरी, श्रवण कुमार मिश्र राही, अशोक सिंह, राजेश तिवारी, श्यामजी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नृपेंद्र विक्रम सिंह, राजीव मोहन अवस्थी, सुनील सिंह, अमलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह सिकरवार सहित परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

हरदोई सपा नेता अनिल सिंह वीरूअमेठी जिले की विधानसभा में कमान सम्भालेंगे

हरदोई राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनुमोदन पर सपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव अनिल सिंह वीरू को अमेठी जिले की जगदीशपुर विधानसभा का निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन से यहां पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सपा नेता सिंह को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के सभी पदों व युवा संगठन, महिला संगठन समेत अन्य संगठनों की नियुक्तियों का सत्यापन करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर यदि कोई बदलाव या किसी प्रभावशाली व्यक्ति की नियुक्ति प्रस्तावित हो, तो जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि के साथ बैठक कर जानकारी एकत्रित कर पार्टी कार्यालय देने का कार्य शामिल है। साथ ही नए मतदाताओं के पंजीकरण व वोटर लिस्ट के विभिन्न कार्यक्रमों पर जोर देते हुए एक कमेटी बनाकर उनकी जिम्मेदारी निश्चित करने का दायित्व सिंह को दिया गया है। विधान सभा जातिगत आंकड़ा,विभिन्न जातियों के अग्रणी नेताओं को पार्टी में सम्मिलित करने व विभिन्न समाजों के लोगों से सम्पर्क व संगठन में प्रतिनिधित्व देने की रूपरेखा बनाने की भी जिम्मेदारी दी गई है। क्षेत्र में प्रभावशाली लोगों के प्रवेश की सूची पार्टी नेतृत्व को भेजने व सोशल मीडिया के लिए एक टीम बनानी होगी। जिसका कार्य विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ना होगा।

संक्षिप्त खबरें

गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं- जगदंबिका पाल

सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार एवं एन टी पी सी द्वारा प्रायोजित व जे एल रोहतगी अस्पताल कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर क्षेत्र के मनखाही और बगही गांव में लगाया गया। शिविर का उदघाटन सांसद जगदंबिका पाल ने फीता काटकर किया। निशुल्क शिविर में नाक, कान, गला 130, सामान्य और नेत्र जांच के 140 सहित कुल 270 लोगो की जांच, परामर्श और दवा दिया गया है। सांसद जगदंबिका पाल ने नेत्र रोगियों में निशुल्क चश्मा वितरित किया है। इस मौके पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पहले से ही जांच कराकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके लिए गांव गांव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो ग्रामीण दूर जाकर स्वास्थ्य सुविधा लेने में असमर्थ है उनके लिए उनके गांव पर ही निशुल्क जांच शिविर लगाकर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। सभी लोग इसका लाभ उठाए। ग्रामीणों की मांग पर सांसद ने मनखाही चौराहे से साधु की कुटिया तक एक किमी पक्की सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया है जिसपर लोगो ने खुशी जताई है।शिविर में डा वसीम खान, डा प्रिंस,डा हिमांशु पाण्डेय,डा अमिताभ गोयल, तान्या सक्सेना, स्वाती, सर्वेश कुमार, नीरज आदि की स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण करके दवा वितरित किया है। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम प्रधान जय प्रकाश, एस पी अग्रवाल,पूर्व प्रधान राम चंद्र वर्मा, अनूप सिंहप्रवेश राय, मनोज दूबे, विवेक राय आदि रहे।

बलदेव में शिक्षकों को मिले टैबलेट, निपुण स्कूलों को बांटे गए प्रमाण पत्र

लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बीआरसी पर देखा लाइव प्रसारण

निपुण स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका प्रणाम पत्र के साथ।

मथुरा। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवीन भवनों, अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण तथा 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर बारह सौ रुपए प्रति छात्र-छात्रा की दर से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी क्रय हेतु अभिभावकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण भी किया गया। साथ ही, विभिन्न विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की स्थापना, शिक्षकों को टैबलेट वितरण, 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी सहित अनेक नवाचारों का शुभारंभ तथा निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बीआरसी बलदेव पर किया गया। जिसको खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार की उपस्थिति में ब्लाक के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने देखा। इस अवसर पर बीआरसी बलदेव पर खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए। उन्होंने ब्लाक के निपुण विद्यालयों के प्रमाण पत्र भी बांटे।

लूट की घटना में तीन पकडे

मथुरा। थाना बलदेव पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना बलदेव पुलिस सोमवार को जटौरा बम्बा की पुलिया पर गौरव पुत्र इन्दर निवासी ग्राम नन्दूगढी थाना बल्देव, अंशू पुत्र दिलीप निवासी किशोरपुरा थाना वृन्दावन, नरेन्द्र पुत्र दिगम्बर सिंह निवासी नेहरा थाना बरसाना को लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यूपी 85 एडी 0757 सीडी डिलक्स (हीरो होन्डा रंग काला) के साथ के साथ गिरफ्तार किया।

सिद्धार्थनगर- बानगंगा नदी में अधूरा पुल का निर्माण, आवागमन में परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

हरीश कुमार चौधरी



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ में बॉर्डर एरिया के विकास के लिए सड़क व पुल का निर्माण बॉर्डर डेवलपमेंट सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में बानगंगा नदी पर बगुलहवा-झरुआ के बीच पुल का निर्माण भी उसी का हिस्सा है। लेकिन तीन साल से बीच नदी तक आधी पुल बना कर उसे अधूरा छोड़ दिया गया है। उसे पूरा नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

बगुलहवा-झरुआ के बीच बन रहे पुल का मामला

बानगंगा नदी पर बगुलहवा-झरुआ के बीच पुल का निर्माण तीन साल पहले शुरू हुआ था। पुल का निर्माण भी शुरू हो गया था। जिस तेजी के साथ काम किया जा रहा था उससे लगता था कि जल्द पूरा हो जाएगा और लोगों की राह आसान हो जाएगी लेकिन बीच नदी तक अधूरा पुल बना कर छोड़ दिया गया है। न तो किसी जिम्मेदार का ही पता है और न ही ठेकेदार के बारे में ही किसी को जानकारी है। बस हर कोई हवा हवाई ही बात कर रहा है कि धन की कमी से काम बंद हो गया है लेकिन वास्तविक स्थिति क्या है इस के बारे में बताने वाला कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं है।

ग्रामीणों ने आवागमन में हो रही परेशानी

पुल को लेकर ग्रामीण योगेंद्र जायसवाल, तौफीक अहमद आदि का कहना है कि पुल का निर्माण कार्य पूरा होने से जहां लोगों की राह आसान हो जाएगी वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। इनका कहना है कि जब काम बंद हुआ था उसी समय ठेकेदार ने बताया था कि जितना धन मिला था उतना काम करा दिया गया है। पुल अधूरा पड़ा होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

बैरिकेडिंग कराया विभाग

अधूरे पुल पर विभाग ने पूरा कार्य नहीं किया बल्कि बोल्डर लगा कर बैरीकेडिंग कर रखी है जिससे कोई वाहन या पैदल चलने वाले व्यक्ति भी अधूरे पुल पर न जा सके। सुरक्षा के दृष्टि से विभाग ने यह सारे कदम उठाये है।

समस्तीपुर में बारातियों से भरी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, 2 दो दोस्त की मौत, 6 घायल

स्वतंत्र प्रभात

समस्तीपुर में बारातियों से भरी स्कॉर्पियो हादसे की शिकार हो गई, जिससे पल भर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इस हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के लोकनाथपुर गंज के पवन कुमार (18) और सौरभ कुमार (21) के रूप में हुई है। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात उजियारपुर थाना क्षेत्र के मेहसारी बाबू पोखर गांव के पास बरातियों से भरी एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस हादसे में हादसे में गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोग सीटों के बीच फंस गए। वहीं स्कॉर्पियो में सवार दो दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बारात दलसिंहसराय से भगवानपुर देसुआ जा रही थी।

इस घटना के बाद जुटे स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीच रेफर कर दिया। इसके बाद सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। साथ ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। एक मृतक के परिजन डॉ. शिव शंकर मंडल ने बताया दोनों अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए स्कॉर्पियो से भगवानपुर देसुआ जा रहे थे। उस गाड़ी में 8 लोग सवार थे। इस दौरान मेहसारी बाबू पोखर गांव के पास बिजली के पोल से टकरा गई। इस हादसे इन दोनों युवक की मौत हो गई और 6 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि उजियारपुर थाना क्षेत्र के मेहसारी बाबू पोखर गांव के पास एक स्कॉर्पियो बिजली पोल से टकरा गई थी। जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिकी दर्जकर मामले की छानबीन की जा रही है।

राज्यसभा सांसद ने खानपुर में किया सीसी सड़क का लोकार्पण

खानपुर में सीसी सडक का लोकार्पण करते राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह।

मथुरा। छाता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खानपुर में राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने 200 मीटर सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। यह 200 मीटर सीसी मार्ग गांव खानपुर में मोरध्वज के मकान से गोपाल के मकान तक बनाया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने भी पहुंच कर कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान ग्राम खानपुर आसपास के क्षेत्र की समस्त सरदारी द्वारा राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे का चांदी मुकुट ,राधा कृष्ण तस्वीर, माला ,दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी सूरजपाल सिंह यदुवंशी, डॉक्टर राजवीर सिंह, भीमसेन, एडवोकेट हीरेंद्र सारस्वत, एडवोकेट अजय सिंह अन्य सभी का माला दुपट्टा उड़ाकर भाजपा किसान नेता भगवत स्वरूप पांडे ने स्वागत किया।

कर्तव्यपरायण चौकीदार ने जीते जी नहीं होने दी फैक्ट्री में चोरी

● छाता क्षेत्र में बंद पडी असर एग्रो धान मील में 22 मई की रात को हुई थी घटना

दूसरे चौकीदार ने नहीं किया बदमाशों का उतना विरोध तो बच गई जान

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। 22 मई की रात को छाता क्षेत्र में हाइवे किनारे बंद पडी असर एग्रो धान मील में बदमाशों ने एक चौकीदार की बेरहमी से हत्या कर दी। उस रात चौकीदार ने कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की। जीते जी चौकीदार ने फैक्ट्री में चोरी नहीं होन दी। चौकीदार की हत्या करने के बाद बदमाशों के पैर उखड़ गए और वह भाग निकले। जिस समय यह वारदात हुई फैक्ट्री में दो चौकीदार थे। दूसरे चौकीदार ने बदमाशों का उतना विरोध नहीं किया। पुलिस के मुताबिक दोनों चौकीदारों को बदमाशों ने बांध दिया था। एक चौकीदार इसके बाद शांत हो गया जबकि दूसरा चौकीदार बदमाशों का लगातार और यथासंभव विरोध करता रहा। इसके बाद बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी लेकिन वह फैक्ट्री में चोरी नहीं कर सके। घटना को अंतरराज्यीय बदमाशों के गिरोह ने अंजाम दिया था। घटना के खुलासे के लिए एसएसपी श्लोक कुमार ने अलग अलग आधा दर्जन टीमों का गठन किया था। 26 मई की रात को बदमाशों के गिरोह के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ लम्बी चली। दो स्थानों पर पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान कुल पांच बरदाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं जबकि गिरोह के तीन अन्य बदमाश अभी भी फरार है। पुलिस पूरे गिरोह की तलाश में है। बदमाशों से पूछताछ के आधार पर पत्रकार वार्ता में एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि थाना हाइवे पुलिस द्वारा गिरफ्तार सबसे पहले गिरफ्तार किये गये दो बदमाशें ने बताया कि फैक्ट्री की सुरक्षा में मौजूद दो गार्डों ने बदमाशों को देख लिया था विरोध करने लगे, शोर मचाने लगे इस पर इस पर बदमाशों द्वारा उनको बांध दिया गया लेकिन उनमें से एक गार्ड द्वारा ज्यादा शोर मचाने व विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। लोग मृतक चौकीदार बद्री (उम्र 42 वर्ष), निवासी ग्राम नरी, थाना छाता की कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि भले ही नियम कानूनों के हिसाब से मृतक चौकीदार को वह मान सम्मान न मिले जो जिसका वह हकदार है लेकिन उसने अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी बहादुरी से अंजाम दिया है। ऐसे लोगों की बहादुरी को समाज में सम्मान मिलना चाहिए। आमजनों के साथ ही पुलिस प्रशासन को कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान दिखाना चाहिए।

भागते रहे बदमाश पीछा करती रही पुलिस, पांच को लगी गोली

● असर एग्रो में हुई चौकीदार की हत्या का खुलासा, कुछ सात अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। 26 मई को थाना हाईवे पुलिस ने 20 मई को सतोहा गोवर्धन रोड पर एक बन्द पडे गोदाम में की गयी चोरी से सम्बन्धित अभियोग में दो अभियुक्तों अनिल शर्मा पुत्र रामखिलाडी निवासी शाहपुर नदीम के पास पोस्ट नदीम थाना सैंया जनपद आगरा व सुरेश राठौर उर्फ शाका पुत्र सोवरन सिंह निवासी राजीव नगर गोबर चौकी थाना ताजगंज जनपद आगरा को थाना हाईवे क्षेत्र के गुलमौहर वैली से आगे कच्ची सडक पर गिरफ्तार किया। पूछताछ में इन लोगों ने पुलिस को बताया कि 22 मई को थाना छाता क्षेत्र में बन्द पडी असर फैक्ट्री में हुई चौकीदार की हत्या में में भी इनका हाथ था और जिस गिरोह ने घटना को कारित किया उसमें दोनों शामिल थे। इसके बाद पुलिस ने जाल बुनना शुरू किया। थाना छाता पुलिस,नौहझील पुलिस व स्वाट टीम को इनपुट मिला कि बदमाश सुगर मील छाता में चोरी करने के इरादे से इकट्ठे हुये है। इस सूचना पर पुलिस टीम की सुगर मील की पूर्वी साइड पर बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुयी। मुठभेड़ के दौरान राकेश पुत्र बिहारी लाल निवासी बसई खुर्द थाना ताजगंज आगरा, सतीश उर्फ टिकिया पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी खिन्नी महल थाना ताजगंज आगरा, विनोद राठौर पुत्र सोवरन सिंह निवासी नीतिबाग थाना ताजगंज आगरा के पैरों में गोली लगने के कारण घायल अवस्था में पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये तथा दो बदमाश हरीराम व विशाल अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। दोनों बदमाशों के भागने की सूचना पुलिस टीम द्वारा कंट्रोल रुम को दी गयी। कन्ट्रोल रुम ने सूचना दी कि दो बदमाश छाता की तरफ से एक टैम्पू मे भागे हैं। थाना जैत पुलिस, थाना नौहझील व स्वाट टीम द्वारा दोनों बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तथा पुलिस टीम की एसकेएस कॉलेज के पास गन्दे नाले की पहली पटरी पर दोनों बदमाशों से मुठभेड़ हुयी। पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों हरीराम व विशाल द्वारा खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर अंधाधुन्ध फायर किया गया है। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी तथा घायल अवस्था दोनों बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरोह के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। अभियुक्त राकेश के विरूद्ध आगरा और मथुरा के विभिन्न

थानों में एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। अभियुक्त विनोद राठौर के खिलाफ भी दर्जनभर आपराधिक मामले आगरा और मथुरा में दर्ज हैं। अभियुक्त सतीश उर्फ टिकिया के खिलाफ 10 मामले दर्ज हुए हैं। फरार अभियुक्तों में अनिल पुत्र पंचम सिंह निवासी ग्वालियर, ओमप्रकाश उर्फ हीरो पुत्र रामप्रसाद निवासी बसईखुर्द बसई चौकी के पीछे थाना ताजगंज जनपद आगरा तथा गौरव प्रजापति उर्फ आलू पुत्र जयराम निवासी नामालूम के नाम प्रकाश में आए हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभरी निरीक्षक थाना छाता विनोद बाबू मिश्रा, निरीक्षक छोटेलाल स्वाट टीम प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार शाही थाना हाईवे, थाना प्रभारी सोनू कुमार नौहझील, एसआई सावेज चौधरी थाना हाईवे, एसआई हरेन्द्र सिंह थाना छाता, एसआई महेन्द्र सिंह भदौरिया थाना छाता, एसआई रविन्द्र बाबू थाना छाता आदि थे।

मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारंभ

● उप मुख्यमंत्री के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग, प्रयागराज की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का किया गया विमोचन।

खण्ड शिक्षा अधिकारी एंव शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ/लोकार्पण किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद प्रयागराज में जिला पंचायत सभागार परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा जिला पंचायत सभागार में जनपद प्रयागराज की बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का बटन दबाकर विमोचन किया।

स्मार्ट क्लास संचालन के लिए कम्पोजिट विद्यालय घाटमपुर कौड़िहार-1 के सहायक अध्यापक श्री प्रभाशंकर शर्मा, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए कम्पोजिट विधालय पालपुर चाका की प्रधानाध्यापिका श्रीमती आभा को प्रशस्ति पत्र, यूपीएस थरवई सोरांव श्रीमती आशा देवी टेबलेट, समर कैम्प संचालन के लिए यूपीएस खेस्का करछना श्रीमती रूशदा नाहिद को प्रशस्तिपत्र, निपुण विकास खण्ड के लिए श्री क्षमाशंकर पाण्डेय बीईओ कौड़िहार को प्रशस्ति पत्र, निपुण स्कूल के लिए प्राथमिक विधालय मलाकहरहर 1 कौड़िहार प्रधानाध्यापिता श्रीमती गरिमा मेहरोत्रा को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज प्रदेश के सभी जनपदों में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ/लोकार्पण से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन एक साथ किया जा रहा है।स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं आमजनमानस में सरकारी स्कूलों के प्रति विश्वास सुदृढ़ बना है तथा विद्यालयों में शिक्षा का बेहतर माहौल बना है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समय पहले तक कोई भी अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए भेजना नहीं चाहता था, परंतु सरकार के द्वारा निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति किये जाने तथा विद्यालयों में शिक्षा के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता होने के कारण वर्तमान समय में लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प योजना के तहत आज स्कूलों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री जी ने सरकारी स्कूलों के लिए खजाना खोल दिया है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान शिक्षा से ही संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश, प्रदेश एवं परिवार के विकास के भविष्य है। उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रगति को दुनिया देख रही है हम आर्थिक महाशक्ति बन रहे हैं और आज दुनिया में चौथे नंबर पर हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है भारत को विकसित भारत बनाने में आप लोगों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम पर लगाये और वृक्षारोपरण अभियान में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी प्राइवेट स्कूलों की तरह सभी सुविधाएं वर्तमान समय में मुहैया कराई जा रही है, बेसिक स्कूलों की शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन हुआ है जिसके कारण प्राइवेट स्कूलों से ज्यादा अब सरकारी स्कूलों का रिजल्ट अच्छा आ रहा है।

वर्तमान में प्रदेश में संचालित 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 6-8 तक की आवासीय शिक्षा प्रदान की जाती थी। राज्य सरकार द्वारा इन विद्यालयों को कक्षा-12 तक उच्चीकृत करने का निर्णय लिया गया। इनमें से 683 विद्यालयों को कक्षा-12 तक उच्चीकृत किया जा चुका है, जिसके लिए एकेडमिक भवन एवं अतिरिक्त हॉस्टल डॉरमेट्री का निर्माण कराया गया है। सभी 746 के0जी0बी0वी0 में स्मार्ट क्लास एवं आई0सी0टी0 लैब की स्थापना की जा रही है। इसके फलस्वरूप कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा-12 तक की आवासीय एवं गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने की सुविधा मिलेगी, जो अत्यन्त सराहनीय कार्य है।

बेसिक शिक्षा विभाग के रू0 3276 करोड़ की लागत के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारम्भ एवं लोकार्पण आज माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से किया गया है, जिससे छात्र-छात्रायें लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित कराये जा रहे हैं, जो अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। यह हमारी महत्वाकांक्षी योजना है। मुझे प्रसन्नता है कि इन विद्यालयों का आज शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से किया गया है। ''निपुण भारत मिशन'' के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2024-25 में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं के माध्यम से रैण्डम रूप से चयनित विद्यालयों में कक्षा 1-2 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लर्निंग आउटकम्स का माह दिसम्बर, 2024 एवं माह फरवरी, 2025 में आकलन कराया गया है जिसमें कुल 48,061 विद्यालय 'निपुण विद्यालय के रूप में उभर कर सामने आये हैं। शिक्षा की गुणवत्ता की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 7409 उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना करायी जा रही है। 5258 विद्यालयों में आई0सी0टी0 लैब स्थापित करायी जा रही है, 503 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करायी जा रही है, जिससे डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा मिलेगा। अध्यापकों को टैबलेट भी दिये गये हैं, जिसका उपयोग करने से अध्यापकों को अपने कार्यों में मदद मिलेगी। इस अवसर पर माननीय सांसद फूलपुर श्री प्रवीण पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को पहले एक बीमारू राज्य कहा जाता था। बेसिक स्कूलों में व्यवस्थाएं एवं आवश्यक सुविधाएं ठीक नहीं थी, जिसको देखकर मन दुखी होता था। वर्तमान समय में प्रदेश के बेसिक शिक्षा के स्कूलों में कायाकल्प योजना के तहत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह ने कहा कि पूर्व में सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन की अच्छी व्यवस्था नहीं होती थी, दीवार फटी हुई होती थी, फर्श पर सीलन रहती थी स्कूलों में कोई व्यवस्था नहीं थी तथा साफ-सफाई का अभाव रहता था। परंतु मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं में बदलाव देखने को मिला है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत वर्तमान में सभी बेसिक स्कूलों में हर तरह की सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

नदी में डूबे दो किशोर, लापता की तलाश में जुटी रही एसडीआरएफ टीम, दूसरे युवक का घटना स्थल से 12 किलोमीटर दूर तीसरे दिन मिला शव

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बानगंगा बैराज के पास शनिवार की शाम नदी में नहाते समय दो किशोर पानी में डूबकर लापता हो गए थे। एसडीआरएफ टीम की मदद से तीसरे दिन दूसरे किशोर आतिफ का शव घटना स्थल से 12 किलोमीटर दूर मिश्रवालिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरीडीह के पास से बाहर निकाला गया। जबकि एक युवक का अब्दुल नूर (16) पुत्र अब्दुल रफीक का शव रविवार को ही नदी से बाहर निकाला गया है। बताते चलें कि सदर थाना क्षेत्र के बेलसड़ निवासी आतिफ (15) पुत्र मोहम्मद हनीफ, नूर (16) पुत्र अब्दुल रफीक अपने दोस्त अरमान के साथ बानगंगा बैराज घूमने आए थे। बैराज के निकट पानी को देखकर आतिफ और नूर नदी में नहाने कूद गए थे। दोस्त अरमान नहाने नहीं गया। वह बाहर ही था। वहीं नहाने के दौरान आतिफ और नूर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

जब तक साथी अरमान कुछ समझ पाता तब तक दोनों लापता हो गए। अरमान ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। शनिवार शाम घटना के बाद से ही पानी में डूबे दोनों लड़कों की तलाश में स्थानीय गोताखोर लगे रहे। परिवार के सदस्य भी पहुंच गये। पूरी रात परिवार के लोग परेशान रहे। सुबह एसडीएम राहुल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, थाना शोहरतगढ़ प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मेरी त्रिपाठी ने

एसडीआरएफ टीम के साथ पहुंचकर नदी में डूबे किशोर अब्दुल नूर (16 वर्ष) पुत्र अब्दुल रफ़ीक व मोहम्मद आतिफ (15 वर्ष) मोहम्मद हनीफ़ का तलाश शुरू कराया। तीसरे दिन नदी से मोहम्मद आतिफ (15 वर्ष) पुत्र मोहम्मद हनीफ का शव नदी के पानी से एसडीआरएफ टीम ने बाहर निकाल कर पुलिस को सौंपा।

भाकियू चढूनी ने उठाया डाकघर में भ्रष्टाचार का मुद्दा

● भाकियू चढूनी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। जिले के मुख्य डाकघर में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन चढूनी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया। साथ ही जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही डाकघर की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो 10 जून से यूनियन के कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का बाध्य होंगे। ज्ञापन में कहा है कि डाकघर के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रहे हैं। आधार कार्ड बनवाने के लिए टोकन देने के लिए 200 से 500 रुपये ले रहे हैं। जो नहीं देता है कि उसको लाइन में लम्बा इंतजार कराया जाता है। एक किसान कन्हैया पुत्र सौदान सिंह ने मुख्य डाकघर में लाइन में लगवाने के बाद तीन बार अपना आधार बनवा चुका है लेकिन उसका आधार कार्ड आज तक नहीं आय है। कर्मचारी बिना अवकाश के अनुपस्थित रहते हैं, सावधि जमा खाते में एजेन्ट के माध्यम से कमीशन का खेल किया जाता है, पैसे लेकर कर्मचारियों के स्थानांतरण हो रहे हैं, नियुक्ति? निलंबन में भी अधिकारियों का खेल चल रहा है, निजी व्यक्तियों से डाक का वितरण कराया जाता है। भाकियू चढूनी के जिलाध्यक्ष संजय पारासर ने जिलाधिकारी से मांग की कि डाकघर के प्रवर अधीक्षक को तत्काल प्रभाव

भारतीय किसान यूनियन चढूनी पदाधिकारी डीएम कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञपन देते हुए।

से निलंबित किया जाए, सम्पूर्ण मामले ने निष्पक्ष जांच स्वतंत्र समिति से कराई जाए। आम जनता का हो रहे शोषण को रोका जाए, पीड़ितों को न्याय प्रदान किया जाए ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, प्रदेश् उपाध्यक्ष विरला सिंह, डॉ. सतीश चंद्र, सोनवीर सिंह आदि प्रमुख यूनियन के पदाधिकारी शामिल रहे।

पटरी पर लौटी जनपद की विद्युत सप्लाई

कर्मचारियों की हड़ताल और आंधी से आया था व्यवधान

मथुरा। विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल और लगातार कई दिन आई आंधी से ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद की विद्युत व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद बेहद कम समय में समूचे जनपद में सप्लाई को फिर से सुचारू कर दिया गया है। गर्मी और उमस के बीच बिजली की कटौती लोगों को बेहाल कर रही है। विगत दिनों में अंधाधुंध बिजली की हो रही कटौती, कभी फॉल्ट तो कभी ट्रिपिंग के कारण बार बार बिजली काटी जा रही है। बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उप खंड फरह, रहीमपुर, ओल से सेकड़ो गांवों की विद्युत सप्लाई होती है। ,गावों को जाने वाली विद्युत सप्लाई खेत ओर जंगलों में होकर जा रही है और काफी पुरानी लाइन होने के कारण जर्जर भी हो गई हैं। हल्की बारिश और आंधी आने पर फॉल्ट हो जाता हैं विगत हफ्ते आई आंधी से दर्जनों विद्युत पोल टूट गए और विद्युत तारों पर पेड़ की टहनियां भी गिर गई, इस लिए दर्जनों गांवों की सफ्लाई बंद हो गई। सप्लाई बंद होने की सूचना पर अधिकारी सुचारु कराने में लगे रहे लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। लगातार